प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में पर्यटकों के एक समूह पर कल हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम पहुंच गए हैं वह बैसरन वन क्षेत्र में घटना स्थल का दौरा करेंगें श्री शाह की घायलों से मिलने की भी संभावना हैं इससे पहले श्री शाह ने श्रीनगर में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कीं मृतकों को श्रीनगर से विशेष विमान से उनके पैतृक स्थान पर ले जाया जा रहा हैं पहलगाम, अनंतनाग और कुलगाम तथा दक्षिण कश्मीर के जिलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए और अधिक उड़ानों की व्यवस्था करने के बारे में गृह मंत्री से चर्चा कीं नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन उड़ानों के किराए की निगरानी की जाएगी ताकि इसमें अत्यधिक बढ़ोतरी न हों मंत्रालय ने कहा कि चार नई उड़ानों की व्यवस्था की गई है, जिनमें से दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए हैं मांग के आधार पर और अधिक उड़ानें संचालित करने के लिए मंत्रालय विमानन कंपनियों के संपर्क में हैं इस बीच जम्मू–कश्मीर के बारामुला जिले में उरी नाला के सरजीवन क्षेत्र में सेना ने घुसपैठ विरोधी अभियान के तहत दो हथियारबंद घुसपैठियों को मार गिराया हैं सेना प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और अन्य सामान बरामद हुआं

0000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि प्रदेश में हीटवेव से बचाव और उपचार के लिए उच्च स्तरीय प्रबंधन किया जा रहा हैं श्री खींवसर ने कल जयपुर में स्वास्थ्य भवन में हीटवेव प्रबंधन को लेकर प्रदेशभर में की गई तैयारियों और गतिविधियों की समीक्षा कीं उन्होंने चिकित्सा तंत्र को अलर्ट मोड और प्रो–एक्टिव एप्रोच के साथ काम कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिएं उन्होंने अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पतालों से लेकर सब–सेन्टर तक पूरी मुस्तैदी के साथ जांच, दवा, उपचार सहित तमाम व्यवस्थाएं पुख्ता रखने को कहां चिकित्सा मंत्री ने लू–तापघात से पीड़ित मरीजों को रेपिड रेस्पॉन्स सिस्टम के माध्यम से तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिएं बैठक में विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि हीटवेव प्रबंधन के साथ–साथ खाद्य सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों पर भी फोकस किया जा रहा हैं

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान दिन के तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढोतरी दर्ज की गई हैं 15 स्थानों पर दिन का पारा 40 से 42 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज हुआ हैं सबसे अधिक 42 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान कोटा में रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 2 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस अधिक हैं मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने तथा दिन के तापमान में 2 से 5 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने की संभावना जताई हैं इसके साथ ही कल के लिये जैसलमेर और बाडमेर में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं तेज गर्मी को देखते हुए पाली के बांगड अस्पताल में मरीजों की विभिन्न जांचे दोपहर 2 बजे तक हो सकेंगीं साथ ही जांच की रिपोर्ट कम समय में दिये जाने के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं सवाईमाधोपुर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. प्रवीण असवाल ने सामान्य चिकित्सालय का निरीक्षण कियां उन्होंने हीटवेव प्रभावित मरीजों के लिये की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लियां हनुमानगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए परिंडे बांधे गयें

0000

प्रदेश में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बनाने और बेचने पर रोक लगाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत 3 लाख 21 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट करवाया हैं विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 893 मामले दर्ज किये गयें आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि अवैध शराब बनाने, भण्डारण और परिवहन तथा बेचने पर रोक लगाने के लिए ये अभियान चलाया गया, जिसमें मार्च महीने के दौरान ये मामले सामने आएं उन्होंने बताया कि इन मामलों में 685 लोगों को गिरफ्तार किया गयां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रैल को होगां आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगीं इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता हैं वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं

00000

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगां हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगां

0000